पंजाब केसरी 04/01/2025

जीवन में शिक्षा और अनुशासन सर्वोपरि : डा. रोहित दत्त

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित विशेष सभा को संबोधित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

अम्बाला, 3 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कॉलेज परिसर में आयोजित विशेष सभा में शिक्षण स्टाफ, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और छात्रों को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं देते हुए संदेश दिया कि जीवन में शिक्षा और अनुशासन सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि नया वर्ष नई उम्मीदों, चुनौतियों और अवसरों के साथ जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का समय होता है।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि नववर्ष एक नई शुरुआत का प्रतीक है। यह समय है, जब हम बीते वर्ष की उपलब्धियों और अनुभवों से सीख लेकर आने वाले समय को बेहतर बनाने के लिए संकल्प लें। इसलिए शिक्षा, अनुशासन और नैतिकता के मूल्यों को बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्राचार्य ने पिछले वर्ष कॉलेज द्वारा हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कॉलेज ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेलकूद के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और यह सब शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कॉलेज के कर्मचारियों और छात्रों को इसी तरह लगन और उत्साह के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

डा. रोहित दत्त ने सभी छात्रों को उनकी पढ़ाई और भविष्य के प्रयासों के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आप ही देश का भविष्य हैं। कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से ही आप अपने और इस कॉलेज का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्य के मार्गदर्शन की सराहना की और नववर्ष पर कॉलेज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।